# पटना में बिहार का पहला डबल डेकर पुल शुरू

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। बिहार के पहले डबल डेकर पुल पर बुधवार से आवागमन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अशोक राजपथ पर गांधी मैदान के करगिल चौक से पीएमसीएच होते हुए साइंस कॉलेज तक जाने वाले डबल डेकर फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। इससे आम लोगों के लिए पीएमसीएच और साइंस कॉलेज जाना आसान होगा। उन्हें जाम से मुक्ति मिलेगी। वे गांधी मैदान से इस पुल के जरिए सीधे वहां पहुंच सकेंगे। करगिल चौक के पास लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने करगिल चौक से साइंस कॉलेज और साइंस कॉलेज से करगिल चौक तक डबल डेकर फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर पर रुककर पीएमसीएच से इसकी कनेक्टिविटी के संबंध में जानकारी ली। डबल डेक पथ से पीएमसीएच को संपर्कता प्रदान करने के लिए (टीयर-1) एवं (टीयर-II) दोनों तलों से प्रावधान किया गया है।

➤ देखें P 05

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया लोकार्पण



पटना में डबल डेकर पुल का लोकार्पण करते सीएम नीतीश कुमार। साथ में हैं सम्राट चौधरी और नितिन नवीन।

**2175.50** मीटर लंबा है ऊपरी डेक (टीयर-II), जो गांधी मैदान से साइंस कॉलेज तक जाता है

**1449.30** मीटर लंबा है नीचे का डेक (टीयर-1), जो पटना कॉलेज से बीएन कॉलेज मेन गेट तक आता है

## डबल डेकर फ्लाईओवर 422 करोड़ से बना

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डबल डेकर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इसका निर्माण 422 करोड़ की लागत से किया गया है। इसका निर्माण कार्य जनवरी 2022 में प्रारम्भ हुआ था।

इसका निर्माण अशोक राजपथ के ऊपर दो लेयर (डेक) में किया गया है, जो गांधी मैदान के पास करगिल चौक से प्रारम्भ होकर पीएमसीएच होते हुए साइंस कॉलेज तक जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल डेकर फ्लाईओवर बहुत अच्छा बना है। इस पथ के निर्माण से अशोक राजपथ में जाम की समस्या से निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगी।

### इस तरह होगा यातायात

- नीचे वाला डेक (टीयर-1) पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ जाने वाले यातायात के लिए है।
- ऊपरी डेक (टीयर-II) गांधी मैदान से साइंस कॉलेज की तरफ